<u>लोक सभा</u>

अतारांकित प्रश्न संख्या 1156

25 नवंबर, 2019 को उत्तर के लिए

राष्ट्रीय खनिज विकास निगम (एनएमडीसी)

1156. डॉ॰ सुकान्त मजूमदारः
श्री राजा अमरेश्वर नाईकः
श्री भोला सिंहः

क्या इस्पात मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार इस बात से अवगत है कि राज्य सरकार द्वारा डोरिमलाई खदान के खनन पट्टे को रद्द करने के कारण राष्ट्रीय खनिज विकास निगम (एनएमडीसी) लिमिटेड के व्यापार मॉडल पर संकट के बादल छा गए हैं और इसके स्टॉक मूल्यांकन को और अधिक नुकसान हो सकता है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और इस पर केन्द्र सरकार की क्या प्रतिक्रिया है;

(ग) क्या सरकार इस बात से अवगत है कि रद्द करने से इसकी प्रतिष्ठा को चोट पहुंच सकती है क्योंकि यह राज्य सरकारों के खनन पट्टों के नवीनीकरण पर टिका है और छत्तीसगढ़ में एनएमडीसी द्वारा प्रचालित कई खदानों का 2020 की शुरुआत में नवीनीकरण किया जाना है;

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और इस पर सरकार की क्या प्रतिक्रिया है;

(ङ) क्या एनएमडीसी लिमिटेड ने इस संबंध में केंद्र सरकार से राहत मांगी है और यदि हां, तो सरकार की इस पर क्या प्रतिक्रिया है; और

(च) गत पांच वर्षों के दौरान एनएमडीसी द्वारा कुल कितना व्यवसाय किया गया है?

<u>उत्तर</u>

इस्पात मंत्री **(श्री धर्मेंद्र प्रधान)**

(क) से (ङ): एनएमडीसी ने खनन ब्लॉक की ई-नीलामी, जिसे पहले एनएमडीसी द्वारा किया जाता था, के संबंध में कर्नाटक सरकार के आदेश के विरुद्ध खान मंत्रालय के पुनरीक्षण प्राधिकरण के समक्ष खान और खनिज (विकास एवं विनियम) अधिनियम, 1957 की धारा के तहत एक पुनरीक्षण याचिका दायर की है। पुनरीक्षण प्राधिकरण ने अपनी अर्द्धन्यायिक हैसियत से कर्नाटक सरकार के आदेश पर रोक लगा दी थी। छत्तीसगढ़ में एनएमडीसी ने दिनांक 31.03.2020 को समाप्त होने वाले 4 लौह अयस्क खनन पट्टे के नवीकरण हेतु राज्य सरकार को पहले ही आवेदन भेज दिया था। इसके अतिरिक्त, खान मंत्रालय, भारत सरकार ने खनिज (सरकारी कंपनी द्वारा खनन) नियमावली, 2015 को संशोधित कर दिया और नियम 3 के उप नियम(2) में "कारणों का उल्लेख करते हुए हो सकता है" को नियम 4 के उप नियम(3) में "कारणों का उल्लेख करते हुए किया जाएगा" से प्रतिस्थापित कर दिया और इसे दिनांक 27.09.2019 की राजपत्र अधिसूचना सं. जीएसआर 695(ई) के तहत अधिसूचित कर दिया जिससे सरकारी उद्यमों द्वारा पट्टों का निर्बाध नवीकरण सूनिश्चित किया जा सकेगा।

(च): विगत पाँच वर्षों के दौरान एनएमडीसी लिमिटेड द्वारा किए गए कुल व्यापार का विवरण निम्नवत् है:-

वर्ष	2018-19	2017-18	2016-17	2015-16	2014-15
कारोबार (करोड़ रुपये में)	12,153	11,615	8,830	6,457	12,356

****